**प्रेस नोट संख्या 64**

**दिनांक 29.05.2025**

**सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस**

**थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा 04 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटरसाइकिल बरामद ।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 29.05.2025 को क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना संग्रामपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 108/25 धारा 115(2), 352, 351(3), 109, 324(4), 121(1), 132, 126(2) बी0एन0एस0 व 7 सीएलए एक्ट थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी में प्रकाश में आये कुल 04 नफर अभियुक्त 1. प्रिन्स पाल पुत्र रमेश पाल निवासी करनाईपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष, 2. अभिषेक पुत्र बड़ेलाल निवासी करनाईपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष, 3. पिन्शू उर्फ प्रियान्शू पुत्र लवकुश वर्मा निवासी करनाईपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष, व 4. शिवम पाल पुत्र राम अवध पाल निवासी करनाईपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। विक्रान्ता मोटरसाइकिल सं0 सीएच 01 बीएम 4788 व बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल सं0 यूपी 44 एए 7774 के कागज मांगने पर दिखा न सके।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 27/28.05.2025 की रात्रि में हमारे गांव में अमिलहना थाना अन्तू से बारात आई थी। उसी बारात में नाच गाने को लेकर बारातियों से कहा सुनी हो गई, जिसमें बाराती हमारे गांव के सचिन को मारने पीटने लगे जिसका बीच बचाव करने में बारातियों ने हम लोगों को भी मारा पीटा। मारपीट में हमारे पक्ष के प्रिन्स पाल व शिवम को चोटें आई व बाराती पक्ष के रोहित, राहुल व अन्य लोगों को चोटें आई थी। बाराती पक्ष के कुल 04 लोग एम्बुलेंस से इलाज हेतु जा रहे थे। हमलोग बदला लेने के उद्देश्य से अपनी-अपनी मोटरसाइकिल से सहजीपुर क्रासिंग के पास पहुंचकर एम्बुलेंस के आगे शिवम ने अपनी मोटरसाइकिल लगा दी। हमलोगों द्वारा एम्बुलेंस ड्राइवर को नीचे उतारने का प्रयास किया गया ड्राइवर के न उतरने पर हमलोगों ने उसे खिड़की से खींच लिया। रोड पर काफी लोगों के आ जाने पर हमलोगों ने ड्राइवर को मारा पीटा व गाड़ी में भी तोड़ फोड़ कर दिये। थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –**

1. प्रिन्स पाल पुत्र रमेश पाल निवासी करनाईपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष।
2. अभिषेक पुत्र बड़ेलाल निवासी करनाईपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष।
3. पिन्शू उर्फ प्रियान्शू पुत्र लवकुश वर्मा निवासी करनाईपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष।
4. शिवम पाल पुत्र राम अवध पाल निवासी करनाईपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष।

**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही -**

1. मु0अ0सं0 108/25 धारा 115(2), 352, 351(3), 109, 324(4), 121(1), 132, 126(2) बी0एन0एस0 व 7 सीएलए एक्ट थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।
2. विक्रान्ता मोटरसाइकिल सं0 सीएच 01 बीएम 4788। **(धारा 207 एमवी एक्ट ।)**
3. बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल सं0 यूपी 44 एए 7774। **(धारा 207 एमवी एक्ट ।)**

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. श्री बृजेश सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 संजीव कुमार थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।
3. हे0का0 राजेश यादव थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।
4. हे0का0 सन्त सिंह थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।
5. का0 इम्तियाज थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी।